हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 फरवरी, 2025



11 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रविंद्र बने सबसे तेज धावक



12 शराब के नशे में धुत्त व्यक्ति के बड़बड़ाने पर पड़ोसी ने की हत्या




## खबर संक्षेप

### नगराधीश ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित होने वाले समाधान शिविर में मंगलवार को नगराधीश गौरव गुप्ता ने लघु सचिवालय के सभागार में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी शिकायतों का तय समय में निवारण सुनिश्चित करें और नागरिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ समयबद्ध सेवाओं के माध्यम से उपलब्ध कराएं। समाधान शिविर में मंगलवार को कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 4 शिकायतों का निपटान किया गया।

### जुए के अड्डे पर पुलिस की रेड, 5 गिरफ्तार

**सिरसा।** थाना शहर पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान अनाज मंडी सिरसा क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 5 लोगों को 36 हजार 300 रुपए की जूआराशि व ताश के साथ काबू किया है। शहर थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया कि जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान अनाज मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की अनाज मंडी क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक जगह पर जुआ खेला जा रहा है। पुलिस ने उक्त स्थान पर दबिश देकर पांच लोगों को 36 हजार 300 रुपए की जुआ राशि व ताश के साथ काबू किया है।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सिरसा।** चोपटा क्षेत्र में गाड़ी की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत के आधार पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस को दी शिकायत में गांव कागदाना निवासी मुकेश कुमार ने बताया है कि वह और उसके 50 वर्षीय चाचा धारा सिंह अलग-अलग बाइक पर सवार होकर खेत से घर आ रहे थे। इसी दौरान जब होटल से थोड़ा आगे पहुंचे तो पीछे से राजस्थान के भादरा की तरफ से आ रही सफेद रंग की गाड़ी के ड्राइवर ने तेज गति से चलाते हुए गाड़ी की चाचा के मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

### ढाणी माजरा का युवक लापता, तलाश जारी

**फतेहाबाद।** गांव ढाणी माजरा से एक युवक के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी माजरा निवासी विनोद कुमार ने कहा है कि उसका 30 वर्षीय भतीजा चन्द्रमोहन पुत्र पंछीराम गत दिवस सुबह किसी काम से फतेहाबाद गया था और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है। उसे आखिरी बार गांव मताना निवासी प्रमोद ने शाम को 6 बजे फतेहाबाद के नए बस अड्डे पर देखा था।

### चोरी के मामले में आरोपी को किया काबू

**डबवाली।** एएनसी स्टाफ डबवाली ने चोरी के दो आरोपियों को वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल व चोरीशुदा केबल तार सहित काबू किया है। आरोपियों की पहचान मंगल बावरिया व सुखविन्द्र निवासी अबुबशहर के रूप में हुई है। एएनसी स्टाफ सुरेश कुमार ने बताया कि बीती 7 फरवरी को मनीष कुमार निवासी गांव नया राजपुरा माजरा की शिकायत पर बीती 16 फरवरी को रात्रि के समय अज्ञात व्यक्तियों के दवारा लगभग 200 फीट लंबी तांबे की केबल तार चोरी कर ले जाने पर केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान उनकी टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को वारदात में प्रयोग बाइक व चोरीशुदा केबल तार सहित काबू किया है।

### एक बार फिर सर्दी दिखाएगी तेवर

# पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ तो 20 तक होगी बरसात

दिसम्बर के बाद से अब तक 5 बार पश्चिम विक्षोभ बेअसर, 15 सालों में पहली बार फरवरी माह में तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के ऊपर



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पिछले तीन सप्ताह से क्षेत्र में बढ़ रहे तापमान से अब राहत मिलने की उम्मीद है। दरअसल 15 सालों में ऐसा पहली बार हो रहा है कि फरवरी माह में तापमान 26 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया हो। इसका मुख्य कारण दिसम्बर के बाद से अब तक 5 बार पश्चिम विक्षोभ का बेअसर होना है। जब-जब पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुए, तब तब बादलवाई के बाद तापमान में गिरावट व बारिश हुई, जिसका सीधा फायदा गेहूं व सरसों की फसल को होता है लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। मंगलवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जोकि फरवरी का रिकार्ड है। अब मौसम विभाग ने 20 फरवरी तक एक ओर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की भविष्यवाणी की है। जिससे तीन दिन लगातार बारिश के आसार बन रहे हैं। अब की बारिश गेहूं की फसल के लिए अनिवार्य मानी जा रही है।

दिसम्बर में धुंध और सर्दी तो पड़ी लेकिन बारिश नहीं हुई। 27 दिसंबर के बाद 6 बार पश्चिमी विक्षोभ आने की भविष्यवाणी की गई लेकिन प्रदेश में आते-आते पश्चिमी विक्षोभ निष्क्रिय हो गए और प्रदेशवासी बारिश को तरस गए। बारिश न आने से जहां किसानों को नुकसान हुआ वहीं जनवरी में तापमान बढना शुरू हो गया। 13 से लेकर 16 डिग्री तापमान पहुंचा तो फरवरी में यह 20 से 26 तक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा आमतौर पर होली के आसपास होता है। होली को अभी करीब एक महीने का समय पड़ा है। यानि कि 26 से 28 डिग्री तापमान एक महीना पहले ही पहुंच गया। यह तापमान गेहूं की फसल के लिए नुकसानदेह माना गया है। किसानों का मानना है कि अब नहरी पानी की कमी व बरसात न होने से गेहूं की फसल पीली पड़ रही है। फसलों में फुटाव नहीं हो रहा। बालियों में दाना नहीं पनप रहा जबकि कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि दिन में धूप और सुबह व शाम को ठंड पडऩा फसलों के लिए अनुकूल है। फतेहाबाद के कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने कहा कि वर्तमान मौसम सरसों की फसल के लिए अनुकूल है। सुबह-शाम ठंड पडऩा गेहूं के लिए भी अच्छा है। आगे बरसात होना बताया गया है जो वर्तमान समय में बेहद जरूरी भी है।

#### तापमान में आएगी गिरावट : चरणसिंह

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि प्रदेश में मौसम आमतौर पर 21 फरवरी तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 20 फरवरी तक हवाओं में बदलाव आने से राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बीच बीच में आंशिक बादलवाई रहेगी। दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रों में कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी तथा 20 फरवरी को उत्तरी व दक्षिण पश्चिम हरियाणा के ज्यादातर क्षेत्रों में बूंदाबांदी या हल्की बारिश संभावित है। इससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट आएगी। 21 फरवरी के बाद राज्य में मौसम आमतौर पर खुश्क तथा रात्रि तापमान में गिरावट हो सकती है।

# जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर, संबंधित एजेंसियों से नोटिस जारी कर मांगा जवाब

- कचरा उठाने वाली डिंगमैन पावर व गीला-सूखा कचरा अलग करने वाली कम्पनी सनराइज गुरप सिरसा को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर में बदहाल सफाई व्यवस्था व गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग न करने के मामले में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने दोनों फर्मों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नोटिस में बताया गया है कि 17 फरवरी को नगरपरिषद की टीम ने शहर में विभिन्न जगहों पर मौके का मुआयना किया, जहां पाया गया कि जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। घरों से कचरा नहीं उठाया जा रहा व गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग भी नहीं किया जा रहा। नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सोनी ने इस मामले में कचरा उठाने वाली एजेंसी डिंग मैन पॉवर व गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग करने वाली कम्पनी सनराइज गुरप सिरसा को नोटिस जारी किया है। बता दें कि कार्यकारी अधिकारी ने सनराईज ग्रुप सिरसा जिसके पास शहर में साफ सफाई का दायित्व है, उसको नोटिस जारी करते हुए कहा है कि 17 फरवरी को नगर परिषद की टीम द्वारा शहर में विभिन्न जगहों पर गीला-सूखा कचरा अलग अलग करने बारे गया। इस जागरूकता अभियान के दौरान नगर परिषद टीम को आमजन ने शिकायत दी है कि शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है और शहर के अलग अलग जगहों पर सफाई नहीं हो रही।

#### कार्रवाई की दी चेतावनी

वहीं दूसरी ओर डोर टू डोर कूड़ा संग्रह करने वाली फर्म डिंग मैनपावर एंड सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमटेड को भी नोटिस दिया गया है और डोर टू डोर कूड़ा उठान में देरी, गीला-सूखा कचरा अलग अलग न करने और कचरे वाली गाड़ी पर हैल्पर न रखने पर कार्रवाई की चेतावनी देते हुए जवाब मांगा गया है। बता दें शहर में रोजाना देरी से कूड़ा उठाने व साफ सफाई न होने की शिकायतें आती रहती है। अब नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दोनों फर्मों को नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि शहर में प्रतिदिन 35 टन कूड़ा एकत्रित करके बीघड़ रोड स्थित डम्पिंग स्टेशन पर डाला जाता है। जहां पर एनजीटी व पर्यावरण विभाग के आदेशानुसार गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करके रखा जाता है।

### 10वीं व 12वीं के एडमिट कार्ड जारी

**सिरसा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (शैक्षणिक/ मुक्त विद्यालय) नियमित व स्वयंपाठी वार्षिक परीक्षा फरवरी-मार्च 2025 के लिए प्रवेश-पत्र बोर्ड वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाएं 28 फरवरी से 19 मार्च तक तथा सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाएं 27 फरवरी से 29 मार्च तक होगी। बोर्ड सचिव अजय चोपड़ा ने बताया कि सभी विद्यालय बोर्ड वेबसाइट पर अपने यूजर आई.डी. व पासवर्ड से लॉगिन करके आवश्यक दिशा-निर्देशों अनुसार अध्ययनरत परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र का रंगीन प्रिंट आऊट ए-4 साईज पेपर पर डाउनलोड करना सुनिश्चित करें। यदि विवरणों में कोई त्रुटि है तो मूल दस्तावेज एवं वांछित शुल्क सहित बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर सही करवा सकते हैं।

# वाहन पंजीकरण घोटाले मामले में एक और काबू

- सीएम फ्लाइंग ने एसडीएम कार्यालय में की छापेमारी

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद एसडीएम कार्यालय में वाहन पंजीकरण को लेकर हुए घोटाले के मामले में कार्रवाई करते हुए आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद पुलिस की टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रोहताश पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी विजय नगर रोहतक के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 5 अप्रैल 2021 को सीएम फ्लाइंग के अधिकारी एसआई राजेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि वाहन पंजीकरण अधिकारी फतेहाबाद कार्यालय में फर्जी दस्तावेज तैयार करके अन्य वाहन पंजीकरण अर्थोरिटीयों से हरियाणा राज्य की अन्य अथोरिटी की एनओसी को प्रयोग करके अन्य जिलों/राज्यों के लोगों के नाम वाहन पंजीकरण किए जा रहे हैं। वाहन पंजीकरण में वाहन निरीक्षक से व्हीकल पासिंग की रिपोर्ट भी नहीं लगाई जा रही है। इस पर सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी कर जांच की तो पाया कि काफी गड़बड़ी पाई गई। इस मामले में पुलिस ने तत्कालीन एसडीएम सतबीर सिंह जांगू, एचसीएस संजय बिश्नोई, एचसीएस सुरजीत नैन, लिपिक ओमप्रकाश सिहाग, लिपिक राजेश खटक, शमशीर आलम खान, रमेश व भीम सिंह आदि के खिलाफ केस दर्ज किया था।

# कबड्डी कप व कुश्ती दंगल 23 को

- देशभर से आएंगी टीमें, विजेता को टीम को मिलेंगे 5 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** पत्रकारों से बात करते हुए ट्रस्ट के प्रधान दारा सिंह वैदवाला।

बरनाला रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आगामी 23 मार्च को बाबा प्रीतम सिंह की याद में 7वां इंटरनेशनल कबड्डी कप व बलकरण सिंह बिका गिल की याद में कुश्ती दंगल शहीद सरदार भगत सिंह सोशल आग्रेनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से टीमें शिरकत करेंगी। ट्रस्ट के प्रधान दारा सिंह वैदवाला मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि कबड्डी कप में जहां देशभर की टीमों से आमंत्रित क्लबों के खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे, वहीं पहलवान जस्सा पट्टी की कुश्ती दंगल में माझा टीम, दोआबा, मालवा व हरियाणा की टीमें जोर आजमाइश करेंगी। दारा सिंह वैदवाला ने बताया कि उन्होंने कुछ दोस्तों के साथ इस अभियान का आगाज किया था, जोकि आज विराट रूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम को 5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार व उपविजेता को 4 लाख रुपए का पुरस्कार व ट्रॉफी दी जाएगी। बेस्ट रैडर व बेस्ट स्टोपर को बाइक उपहार स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि इस आयोजन में बढ़चढक़र भाग लें और सहयोग करें, ताकि युवाओं को नशे से हटाकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर किया जा सके। इस मौके पर मनमिंद्र सिंह एडवोकेट, अमनदीप सिंह खालसा, संदीप कंबोज एडवोकेट, जसपाल सिंह वैध, जगदीप सिंह रंधावा, भगवान सिंह सरपंच वैदवाला, अवतार सिंह कंवर, जगबीर सिंह औलख, मलकीत सिंह सरपंच सिकंदरपुर, सोनू बाठ कनाडा आदि मौजूद रहे।

# आढ़ती एसोसिएशन चुनाव: सचिव पद के लिए आया एक आवेदन, 8 मार्च को होंगे चुनाव

- नामांकन भरने की तिथि 18 व 19 फरवरी, 20 तक होंगे नाम वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** आढ़ती एसोसिएशन कार्यालय में प्रधान मनोहर मेहता को अपना आवेदन सौंपते राजेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के चुनाव की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। आज से नामांकन पत्र जमा करवाने की शुरूआत हो चुकी है। कल भी नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। प्रथम दिन आज सचिव पद के लिए राजेंद्र कुमार लड्ढा ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। चुनाव 8 मार्च को होंगे। चुनाव के बारे में जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव दीपक मित्तल व एसोसिएशन के प्रवक्ता महावीर शर्मा ने बताया कि नई कार्यकारिणी में प्रधान, उपप्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। प्रधान पद के लिए 41000 रुपए जबकि उपप्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए 31000-31000 रुपए नामांकन राशि फीस के रूप में जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि आज सचिव पद के लिए राजेंद्र कुमार लड्ढा ने अपना नामांकन पत्र भरा है। उन्होंने एसोसिएशन के कार्यालय में जाकर प्रधान मनोहर मेहता को अपना आवेदन सौंपा है। उन्होंने बताया कि नामांकन राशि किसी भी हालत में वापस नहीं होगी चाहे कोई उम्मदीवार निर्धारित तिथि के बाद अपना नाम वापस ले ले। जिस आढ़ती का नाम मंडी की सदस्यता सूची में होगा वही आढ़ती चुनाव लडऩे के योग्य होगा। उन्होंने बताया कि नामांकन भरने की तिथि 18 व 19 फरवरी है। नाम वापस 20 फरवरी तक होंगे। नामांकन पत्र एसोसिएशन के कार्यालय जनता भवन सिरसा में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जमा करवाए जा सकेंगे। इसी समयावधि में नाम वापस लिया जा सकता है।

**श्रद्धा** कहा, माता-पिता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं

# भगवान शिव को क्रोध सृष्टि का कल्याण करने के लिए आता है: प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** श्री बाबा तारा कुटिया में कथा करते पंडित प्रदीप मिश्रा।

प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने श्री बाबा तारा कुटिया में आयोजित शिवपुराण कथा में कहा कि भगवान शिव को क्रोध सृष्टि का कल्याण करने के लिए आता है और जब गुरू को क्रोध आता है तो वह शिष्य के कल्याण के लिए आता है, शिव वे गुरू है जिन्होंने पूरे विश्व के कल्याण का लक्ष्य रखा हुआ है। शिव का स्मरण करने मात्र से सभी सुख हासिल होते है, शिव लिंग पर एक लोटा जल और बेलपत्र चढ़ाने और बाद में बेल पत्र का जल के साथ सेवन करने से सारे रोग दूर होते है पर शिव के प्रति आस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक माता पिता जिंदा है उनकी खूब सेवा करो, सेवा करने से जब उनका आशीर्वाद मिलता है तो परमसुख मिलता है, गुरू का आशीर्वाद तो मरने के बाद भी मिलता है। उन्होंने कहा कि माता पिता के मरने के बाद उनके फोटो पर फूल चढ़ाने और आरती करने से कल्याण होने वाला नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि पर भगवान शिव का विवाह नहीं हुआ उनका विवाह तो वैशाख शुक्ल पंचमी को हुआ था, शिवरात्रि पर पृथ्वी पर पहले शिवलिंग का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को अपनी जन्मतिथि न पता हो वह शिवरात्रि को अपना जन्मदिन मानकर मना सकता है।

उन्होंने कहा कि जो भी भगवान शिव की भक्ति करता है उस पर उनकी कृपा जरूर होती है। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों की तुलना शिवालय से नहीं होती, मंदिर में भगवान स्थापित रहते है जबकि शिवालय में से शिव निकल कर और नंदी पर सवार होकर अपने भक्तो से मिलने जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरू की बात पत्थर की लकीर होती है। शंकर पर भरोसा होना चाहिए। उन्होंने कथा के दौरान कई ऐसे मरीजो का विवरण प्रस्तुत किया जिनका शिवलिंग पर एक लोटा जल और बेलपत्र चढ़ाने और बेलपत्र का सेवन से केंसर दूर हो गया, संतानसुख हासिल हुआ और एक मरीज को 25 साल बाद रोशनी नसीब हुई।

# मुकाम धाम में 27 को फाल्गुन मास की अमावस्या पर लगेगा विशाल मेला

- पर्यावरण शुद्धि के लिए गाय के घी से होगा विशाल हवन यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

श्री गुरु जंभेश्वर भगवान की समाधि स्थल मुकाम में आगामी फाल्गुन मास की अमावस्या 27 फरवरी को विशाल मेला भरेगा। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के आमन्त्रित सदस्य इन्द्रजीत बिश्नोई ने बताया कि 27 फरवरी को पर्यावरण शुद्धि के लिए गाय के घी से विशाल हवन यज्ञ होगा। इससे पहले 26 फरवरी को रात्रि में जागरण होगा। उन्होंने बताया कि पूरे मेले की व्यवस्था पुलिस प्रशासन के साथ अखिल भारतीय श्री गुरु जम्भेश्वर सेवक दल के सदस्य संभालेंगे। ये सदस्य अलग-अलग प्रदेशों से मेले से पूर्व ही पहुंचकर अलग अलग विभागों जैसे लंगर, जल विभाग, विद्युत विभाग, यातायात व्यवस्था, मेला व्यवस्था, मुख्य पंडाल, मंच व्यवस्था, हवन यज्ञ एवं मुख्य मन्दिर आदि में अपनी ड्यूटियां संभाल लेंगे। डबवाली इलाके से बिश्नोई सभा डबवाली के अध्यक्ष कुलदीप कुमार जादूदा के नेतृत्व में समाज के काफी लोग धोक लगाने व मेले में सेवा देने के लिए जाएंगे। वहीं, अमावस्या पर 27 फरवरी को बिश्नोई मंदिर डबवाली में भी हवन होगा व पाहल का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

#### मुकाम धाम में करीब 500 वर्षों से लगाया जा रहा है मेला

इंद्रजीत बिश्नोई ने बताया कि मुकाम धाम में 500 वर्षों से भी ज्यादा समय से मेला भरा जा रहा है। पूरे भारत वर्ष से बिश्नोई समाज के लोग मेले में पहुंच कर गुरु जम्भेश्वर भगवान की समाधि पर धोक लगाकर नतमस्तक होते हैं और भगवान से घर परिवार, गवाडी बाड़ी व देश में खुशहाली की मन्नत मांगते हैं। इस मेले में अमावस्या से 7 दिन पहले ही श्रद्धालुओं की चहल-पहल शुरू हो जाती है और अमावस्या के 7 दिन बाद तक लोग मेले में घरेलू उपयोग की चीजों की खरीददारी करते हैं। श्रद्धालुगण अपने मित्रों, रिश्तेदारों व अन्य जानकार लोगों से मिलकर मेले का आनंद लेते हैं। साधु संत भजन कीर्तन करते हैं, साखी गाते है। कुल 15 दिनों तक मेला चलता है। मेले के दौरान समाज का खुला अधिवेशन भी होता है जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्ति पहुंच कर समाज उत्थान के बारे में चर्चा करते हैं। अमावस्या से पहले संत महात्माओं द्वारा जांभाणी हरिकथा सुनाई जाती है। गुरु जम्भेश्वर के मन्दिर पर जब परेवा (पक्षी) हरि गुण गाते हैं तो ऐसा आभास होता है जैसे प्रकृति भी विशाल मेले का आनंद ले रही है।



# फिल्म कन्नप्पा से प्रभास का रुद्र लुक रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है। फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म से अक्षय तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था।



## लाइफ Style

# रश्मिका

## टैग मिलने से नहीं मेहनत से बनता है कॅरियर

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक समय में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर थीं। 28 साल की उम्र में ही वो भारत की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने कहा कि टैग्स मिलने से करियर नहीं बनता, बल्कि मेहनत, लगन, लोगों का प्यार और उनकी फिल्में मायने रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से करियर शुरू करने वाली रश्मिका को लगा था कि ये उनकी पहली और आखिरी फिल्म होगी। रश्मिका मंदाना ने बताया, 'आज मैं 24 फिल्मों के बाद भी यहां हूं। मुझसे ज्यादा सुंदर और टैलेंटेड महिलाएं इंडस्ट्री में हैं, लेकिन मुझे अपनी इस जर्नी पर गर्व है। मैं अपने फैंस से गहराई से जुड़ी हुई हूं और ये मेरे लिए बहुत खास है'। पिछले दो सालों में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में दो बड़ी हिट फिल्में दी हैं। 2023 में 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम किया, जिसने 1,000 करोड़ से ज्यादा कमाए। वहीं, 2024 में 'पुष्पा 2: द रूल' में श्रीवल्ली के किरदार में वापसी कर 1,800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'छावा' है, जिसमें वे विक्की कौशल के साथ नजर आ रही हैं। ये फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसे लक्ष्मण उतेकर निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रश्मिका ने कहा, 'अगर साउथ और हिंदी इंडस्ट्री में एक साथ कोई इवेंट हो, तो तय करना मुश्किल होता है लेकिन मुझे हर जगह से इतना प्यार मिला है कि मैं अपनी नींद छोड़कर भी वहां पहुंचना चाहती हूं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'कैप्टन अमेरिका' की कमाई में गिरावट...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' भारत में रिलीज हुई। मार्वल प्रोडक्शन की इस फिल्म को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। जानिए, अब तक इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस कितना कलेक्शन किया? पांचवे दिन की इसकी कमाई क्या रही। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' ने पांचवें दिन लगभग 52 लाख रुपये ही कमाए हैं। यह कमाई पिछले दिनों के मुकाबले कम है। इस हॉलीवुड फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में लगातार गिरावट आ रही है।



# क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे मैट डेमन

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम की घोषणा हो गई है। बता दें कि इस फिल्म में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। ये खुशखबरी सामने आते ही अभिनेता के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में फिल्म रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस यात्रा में ओडिसियस को कई खतरे उठाने पड़ते हैं।



# एक्टर की परिभाषा बदल रही है...

**मुंबई।** एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा कि एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया, बल्कि उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के ज़रिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, "एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है। समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। समरीन जल्द ही कुछ आपको कुछ बेहद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नज़र आएँगी। उन्होंने आगे कहा, "आजकल सिर्फ फिल्म डेब्यू काफी नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अलग-अलग माध्यमों के जरिए दर्शकों से जुड़ें। हालांकि, समरीन ने अपनी सोशल मीडिया प्रेजेंस के जरिए अपने दर्शक कमाए हैं।



# 'द पैराडाइज' का ऐलान शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** प्रोडक्शन हाउस एसेसलवी सिनेमा ने अपनी अगली फिल्म 'द पैराडाइज' का ऐलान कर दिया है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म का ऐलान दिलचस्प पोस्टर के साथ किया गया। फिल्म द पैराडाइज में म्यूजिक की कमान रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने संभाली है। फिल्म द पैराडाइज में अभिनेता नानी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म पैराडाइज के निर्माता एसएलवी प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, हैदराबाद की धड़कनें पूरी दुनिया में गूंजेंगी। द पैराडाइज में रॉकस्टार अनिरुद्ध का म्यूजिक है, निर्देशक श्रीकांत ओडेला है और फिल्म में मुख्य कलाकार नानी हैं। यह फिल्म तीन शानदार ताकतों का मिलाजुला परिणाम होगी: नेचुरल स्टार नानी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, और रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर।'

## टीवी मसाला



# अंगूरी भाभी के दीवानों के लिए खुशखबरी...

मुंबई। सबसे लंबे समय तक चलने वाले टीवी कॉमेडी डेलीज में से एक 'भाबी जी घर पर हैं!' के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है। सालों से दर्शकों के प्यार से सराबोर रहे इस टीवी शो पर फीचर फिल्म बनने जा रही है। इस शो पर शशांक बाली द्वारा निर्देशित फिल्म इसी साल रिलीज होगी, जिसके लिए शूटिंग 15 मार्च से देहरादून (उत्तराखंड) में शुरू होगी। अभिनेता रोहिताश्व गौर (जो मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं) ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, "जी, वाकई ये सच है! हम बेहद उत्साहित हैं, अभिनेता होने के नाते हम सभी खुद को सिल्वर स्क्रीन पर वापस देखने का सपना देखते हैं और यह हो रहा है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव (जो अनीता मिश्रा का किरदार निभा रही हैं) कहती हैं, "यह हमारे प्रशंसकों के प्यार की वजह से है कि हम इतनी बड़ी छलांग का हिस्सा बन रहे हैं। मैं इस शो से बहुत बाद में जुड़ी, लेकिन आज यह मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, "शो का सार बना रहेगा और हम दर्शकों के लिए बहुत सारा धमाल करने का वादा करते हैं। स्टार कास्ट में रोहिताश्व और विदिशा, आसिफ शेख (जो विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी तिवारी) के अलावा अन्य किरदार शामिल होंगे जो शो की सफलता का हिस्सा रहे हैं। 10 साल से प्राइम-टाइम स्लॉट में चल रहा शो के 2,500 से अधिक एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं।

# टीवी शो 'शिव शक्ति तप त्याग तांडव' में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी..

**घुमारवीं।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।



# न शोले, न मुगल-ए-आजम, ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म

**मुंबई।** आज के समय में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर 100-200 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप उस पहली भारतीय फिल्म का नाम जानते हैं, जिसने ये आंकड़ा छुआ था? ये उस दौर की बात है, जब फिल्में 10-20 करोड़ ही कमा लें तो ब्लॉकबस्टर की श्रेणी में आ जाती थीं। जब भी 100 करोड़ी फिल्मों की बात होती है तो 2000 के दशक में आईं 'गजनी' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों के नाम आते हैं। इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये आंकड़ा छुआ था, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पहली 100 करोड़ी फिल्म 80 के दशक में रिलीज हुई थी।




***डिस्को डांसर के बिके थे 12 करोड़ से ज्यादा टिकट :*** आपको बता दें कि ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी 'डिस्को डांसर' थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया।

# डिलेवरी बॉय से लेकर एसटीडी बूथ तक में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों में हीरो बनने का सपना लाखों एक्टर देखते हैं। लेकिन कुछ ही जुनूनी एक्टर्स का ये सपना सच हो पाता है। ऐसा ही एक जुनूनी अभिनेता है जिसने एक्टर बनने से पहले डिलेवरी बॉय के तौर पर काम किया। इतना ही नहीं एसटीडी फोन बूथ पर बतौर ऑपरेटर नौकरी की और क्लब्स में भी रोजगार तलाशते रहे। लेकिन जब हीरो बने तो धमाका कर दिया। अब इसी हीरो की फिल्म ने स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पटखनी दे डाली। हम बात कर रहे हैं 'सनम तेरी कसम' के हीरो 'हर्षवर्धन राणे' की।

***सनम तेरी कसम ने दुबारा रिलीज पर तोड़ा रिकॉर्ड :*** बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 9 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई। इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर अपनी पहली कमाई को पछाड़ दिया। इतना ही नहीं आमिर खान के लाडले जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया लेकिन हर्षवर्धन के लिए यहां का सफर आसान नहीं रहा है।

***डिलेवरी बॉय सहित कई जगह की नौकरी:*** इसके लिए हर्षवर्धन ने अपने स्ट्रगलिंग दिनों में डिलेवरी बॉय के तौर पर भी नौकरी की है। इसका खुलासा भी खुद हर्षवर्धन ने जॉन अब्राहिम के साथ मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए किया था। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था, 'मेरे शुरुआती दिनों में मैंने कई तरह की नौकरियां की हैं। 2004 में मैंने एक एसटीडी बूथ में बतौर ओपरेटर की नौकरी की जहां मुझे दिनभर की कमाई में 10 रुपये मिला करते थे। इसके बाद मैंने साइबर कैफे में भी काम किया जहां मेरी तनख्वाह दिन की डबल यानी 20 रुपये हो गई थी।



***जॉन अब्राहम के घर गया था डिलेवरी देने :*** इसके बाद मैंने डिलेवरी बॉय का काम संभाला और मुझे जॉन अब्राहिम से मुलाकात का मौक भी मिला। मैं हैलमेट की डिलेवरी किया करता था और कंपनी ने जॉन अब्राहिम के यहां मुझे डिलेवरी के लिए भेजा था। जब मैं वहां पहुंचा तो जॉन अब्राहिम 10 मिनट बाद खुद मुझसे मिलने आए और मुझे शुक्रिया कहा। इतने बड़े स्टार की इस हम्बलनेस से मैं काफी प्रभावित हुआ था।'

## री-रिलीज में स्टारकिड्स को पछाड़ा

हर्षवर्धन की फिल्म अब 2025 में पूरे 9 साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो तहलका हो गया और फिल्म ने 45 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर डाली। इतना ही नहीं हर्षवर्धन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने बॉक्स ऑफिस पर स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' को भी पछाड़ दिया है।

***टीवी से की शुरुआत, मचाया जमकर धमाल :*** हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आए टीवी सीरियल 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' से की थी। इस सीरियल के बाद हर्षवर्धन ने साउथ की फिल्मों में काम तलाशना शुरू कर दिया। खास बात ये है कि हर्षवर्धन को साउथ की फिल्में भी मिलने लगीं। 2010 में हर्षवर्धन ने 'थकिता थकिता' नाम की साउथ फिल्म में काम किया। इसके बाद 2012 में 'ना इस्थाम' में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। इसके बाद ये सफर लगातार जारी रहा।

## नेशनल ब्रेवरी अवॉर्ड से की जा चुकी हैं सम्मानित

# 36 बच्चों की मां है 50 साल की ये हसीना, 600 करोड़ की प्रॉपर्टी को मार चुकी है ठोकर

***मुंबई।** बॉलीवुड में ऐसे कई स्टार हैं, जो अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने सोशल वर्क के लिए भी जाने जाते हैं। इनमें सोनू सूद से लेकर जॉन अब्राहम और दीया मिर्जा सहित कई नाम शामिल हैं। ये स्टार, अपने-अपने स्तर पर सोशल वर्क में अपना योगदान दे रहे हैं। इस लिस्ट में 90 के दशक की भी एक एक्ट्रेस का नाम शुमार है। इस एक्ट्रेस ने जब इंडस्ट्री में कदम रखा तो अपनी क्यूटनेस और डिंपल्स से हर किसी का दिल जीत लिया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा के बारे में। क्या आप जानते हैं, प्रीति जिंटा एक-दो नही बल्कि 36 बच्चों की मां हैं। कैसे, चलिए बताते हैं।*



## 34 बच्चे बाल निकेतन के और 2 खुद के

प्रीति जिंटा ने साल 2016 में अमेरिकी बॉयफ्रेंड जीन गुडइनफ से शादी की थी, जिनके साथ वह अब विदेश में ही सेटल हो चुकी हैं। शादी के पांच साल बाद दोनों सरोगेसी के जरिए 2 जुड़वा बच्चों जय और जिया के पेरेंट बने। लेकिन, इससे पहले ही प्रीति 34 बच्चों की मां बन गई थीं। प्रीति जिंटा ने 2009 में अपने 34वें जन्मदिन पर खुद को बहुत प्यारा सा गिफ्ट दिया और ऋषिकेश के मदर मिरेकल अनाथालय की 34 अनाथ बच्चियों को गोद लेने का फैसला किया। इस तरह इन 34 अनाथ बच्चियों और अपने दो बच्चों के साथ प्रीति 36 बच्चों की मां बन चुकी हैं।

## 34 बच्चियों की पूरी परवरिश की ली जिम्मेदारी

प्रीति जिंटा ने एक पुराने इंटरव्यू में इन बच्चियों को गोद लेने की बात कही थी। इसी दौरान प्रीति ने कहा था कि वह हमेशा इन 34 बच्चियों की परवरिश का ख्याल रखेंगी। उनकी शिक्षा के खर्च से लेकर कपड़े, खाना और अन्य चीजों का खर्च भी वही उठाएंगी। प्रीति इन 34 बच्चियों को अपनी जिम्मेदारी मानती हैं और अक्सर अपनी इन बेटियों से मिलने ऋषिकेश जाती रहती हैं।



प्रीति विदेश में रहते हुए भी इन बच्चियों के खर्च और जिम्मेदारी का पूरा ध्यान रखती हैं।

## शाहरुख खान की फिल्म से किया था डेब्यू

बता दें, प्रीति जिंटा ने 90 के दशक में बॉलीवुड डेब्यू किया था। प्रीति की पहली फिल्म 'दिल' थी, जिसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला लीड रोल में थे। इसके बाद प्रीति ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में कीं और बॉलीवुड के तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम किया। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'क्या कहना', 'कोई मिल गया' और 'वीर जारा' शामिल हैं। प्रीति अपनी फिल्मों के साथ ही अपनी खूबसूरती, क्यूटनेस और डिंपल के लिए भी मशहूर हैं।

## 600 करोड़ की संपत्ति लेने से किया इंकार

प्रीति जिंटा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा ये भी है कि उन्होंने विरासत में मिली 600 करोड़ की संपत्ति को ठोकर मार दी थी। दरअसल, अभिनेत्री को दिवंगत डायरेक्टर कमाल अमरोही के बेटे शानदार अमरोही अपनी बेटी की तरह मानते थे। यही नहीं, वे अपनी 600 करोड़ की संपत्ति प्रीति जिंटा को देना चाहते थे, लेकिन प्रीति ने इसे लेने से इनकार कर दिया। 13 की उम्र में अपने पिता को खो चुकीं प्रीति का तर्क था कि वह अपने जीवन में किसी को अपने पिता की जगह नहीं दे सकतीं और ना ही किसी की संपत्ति ले सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी चोरी का आरोपी काबू, गाड़ी बरामद

**सिरसा।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जूटाते हुए जेजे कॉलोनी सिरसा क्षेत्र से हुई स्कॉर्पियों चोरी की घटना के मामले में एक आरोपी को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह पुत्र मोहन सिंह के रूप में हुई।

### शहीद मदन लाल ढींगड़ा युवाओं के प्रेरणास्त्रोतः वधवा

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी फतेहाबाद द्वारा भारत से बाहर ब्रिटेन में सर्वप्रथम शहीद होने वाले तथा भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव सिंह थापर के प्रेरणास्रोत शहीद मदन लाल ढींगड़ा का जन्म दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

### सो रहे चौकीदार से मारपीट कर छीनी नगदी

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव भावदीन स्थित ईंट-भ् पर सो रहे चौकीदार के साथ मारपीट कर कुछ लोगों ने 2 हजार रूपए की नकदी छीन ली। यही नहीं आरोपियों ने ऑफिस में पड़ा इनवर्टर-बैटरी चोरी कर कार्यालय में आग लगा दी और मौके से भाग गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव संगर निवासी प्रेम कुमार ने बताया कि वह गांव भावदीन में स्थित शांति ईंट-भट्ठे पर चौकीदार है।

### ट्रैक्टर से नष्ट की खेत में खड़ी फसल, केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव जमाल निवासी किसान की गांव रूपावास में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को कुछ लोगों ने ट्रैक्टर से नष्ट कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में किसान राजबीर सिंह की शिकायत पर गांव रूपावास निवासी वेदपाल पुत्र चंद्रमुनी, इंद्रजीत, प्रवीण सहित 15-20 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### रुपये खुल्ले मांगने के बहाने किया हाथ साफ

**सिरसा।** रानियां के वार्ड नंबर 7 निवासी व्यक्ति को बातों में उलझाकर शातिर युवक उसकी जेब से 5 हजार रुपये की नकदी व ऊंगली से सोने की अंगूठी निकाल ले गया। पुलिस को दी शिकायत में दयाल सिंह ने बताया कि वह अपने जीजा बच्चन सिंह के साथ बाइक पर टाल पर हरे चारे का पता करने जा रहा था। रास्ते में उन्हें एक लडक़ा मिला, जोकि किसी ऑफिस का पता पूछ रहा था। इसी दौरान उसने 500 रूपए खुल्ले मांगे।

### विधिक जागरुकता के लिए लगाया विशेष शिविर

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार विद्यालय प्रांगण में छात्रों की विधिक जागरूकता एवं विकास के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को मुफ्त कानूनी सलाह प्रदान करना तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रति जागरूकता एवं सम्मान उत्पन्न करना था।

### 21 जरूरतमंद परिवारों को बांटे पेंशन के चेक

**फतेहाबाद।** सरबत दा भला संस्था की ओर से गीता मंदिर फतेहाबाद में स्वामी डॉक्टर दिव्यानंद महाराज ने 21 जरूरतमंद परिवारों को पेंशन के चेक वितरित किए। स्वामी दिव्यानंद महाराज ने संस्था के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि संस्था जरूरतमंदों की मदद कर एक मिसाल कायम कर रही है और जरूरतमंदों की मदद करना दुनिया में सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।

### कुलसचिव ने विद्यार्थियों को करवाया कर्तव्यों का बोध

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) द्वारा कर्तव्य बोध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. बंसल ने विद्यार्थियों से कर्तव्यों पर अपने विचार सांझा किया।

## बैजलपुर खेल मेला : खिलाड़ियों को मेडल देकर नवाजा

# 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रविंद्र बने सबसे तेज धावक

महिलाओं की मटका दौड़ प्रतियोगिता में भिवानी के बाढड़ा गांव की प्रमिला बनी विजेता


**भूना।** खेल मेले में विजेता महिलाओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

ग्राम पंचायत बैजलपुर के तत्वावधान में स्वर्गीय मास्टर बहादुर सिंह झुंझाड़ की यादगार में आयोजित खेल मेला शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्यातिथि समाज सेविका पुष्पा देवी ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी विजेता एवं उपविजेता खिलाडिय़ों को नगद पुरस्कार एवं मेडल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन सरपंच एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हेमंत सिंह बैजलपुरिया ने किया। खेल मेले में स्वर्गीय मास्टर बहादुर सिंह झुंझाड़ के परिवारिक सदस्यों ने मिलकर पूर्व सैनिकों, पूर्व एवं वर्तमान पंचायत सदस्यों और मृत्यु भोज परंपरा को बंद करने वाले लोगो को सार्वजनिक रूप से मंच पर सम्मानित किया। हेमंत बैजलपुरिया ने कहा कि बैजलपुर पंचायत ने गांव में मृत्यु भोज व डीजे पर प्रतिबंध लगाया था, जिस पर ग्रामीणों ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ खुलकर समर्थन दिया जो पूरी तरह से सफल हुआ। इस अवसर रमन झुंझाड, अमन झुंझाड, सुमन देवी, संजीव सहारन, हंसराज, डॉ. रणजीत सिंह, नैनपाल सिंह, डॉ. हनुमान सिंह, विकास गोदारा, शेखर श्योराण, कुलदीप पूनिया, संदीप चौधरी, दयानंद ओला, फूल सिंह ओला, हवा सिंह इनानिया, सतबीर सुंडा, फौजी रामकुमार, मास्टर जसवंत सिंह, कुलदीप सुंडा, रमेश कुमार, मनमोहन जेनेवा, विकास कुमार, हरदीप खिचड़ आदि मौजूद थे।

लड़कों की 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पारता गांव के रविंद्र ने प्रथम, नरवाना के बलरेखा गांव का बिल्लू ने द्वितीय व मोहम्मदपुर का सुनील ने तृतीय तथा बनगांव के नवीन चतुर्थ और खैरी का सुनील ने पांचवें स्थान पर रहा। महिलाओं की मटका दौड़ प्रतियोगिता में बाढड़ा गांव की प्रमिला ने प्रथम,बडेसरा गांव संतोष निमड ने द्वितीय,अह्सास की नीलो रानी ने तृतीय तथा हिसार के गुरेरा की जगमती चतुर्थ स्थान पर रही। 70 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के बुजुर्गों की दौड़ में पालवास गांव का बुजुर्ग रामभगत ने प्रथम व दरौधी के बच्चन सिंह ने द्वितीय तथा फर्टिया गांव के महा सिंह ने तृतीय और हसंगा के रामस्वरूप कुकणा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जबकि 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता में खैरी गांव के रशपी ने प्रथम व लौहारी के सात्विक ने द्वितीय तथा लौहारी के आर्यन ने तृतीय और खैरी के प्रियांशु ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

## शाह सतनाम जी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

शाह सतनाम जी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स क्लब के सौजन्य से करवाई गई। खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत प्राचार्या डॉ. रजनी बाला के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में लडक़े व लड़कियों की 100 मीटर दौड़, रस्सीकूद, लंगडी दौड़,मटका दौड़, नीबू चम्मच दौड़, रस्साकसी, शॉट पुट,जैवलिन थ्रो व बोरी दौड़ कराई गई। वहीं स्टाफ सदस्यों में महिलाओं ने मटका दौड़ व पुरुषों ने निंबु दौड़ में भाग लिया। प्रतियोगिता में लड़कियों में बी.एड. प्रथम वर्ष की प्रीतम पाल कौर और लडक़ों में इसी कक्षा के कासप्रीत को बेस्ट एथलीट चुना गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्या डॉ. रजनी बाला ने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्व है। खेलों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। खेल हमेशा मित्रता की भावना से खेलना चाहिए, शत्रुता की भावना से नहीं। हार और जीत की भावना के साथ खेल नहीं खेलना चाहिए। खेलों से छात्रों में धैर्य,सहनशीलता, आत्मविश्वास पैदा होता है। सभी खिलाड़ियों ने खेल पूरे जोश, उत्साह, आनंद, उमंग और अनुशासन के साथ खेलों में भाग लिया।

## मुआवजा सूची से बाहर किए गए किसानों ने सौंपा ज्ञापन

- मुआवजा सूची दोबारा शामिल करने की मांग


**सिरसा।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान।

**सिरसा।** वर्ष 2020 कॉटन फसल खराब 34 प्रतिशत से 50 प्रतिशत वाले गांवों को जो मुआवजा सूची से बाहर निकाला गया था, उनको मुआवजा सूची में शामिल करने की मांग को लेकर हरियाणा किसान मंच ने प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी की अध्यक्षता में कालांवाली एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में गुरदीप सिंह झिड़ी, नैब सिंह नंबरदार मलड़ी, सिकंदर सिंह प्रधान भीवां, गुरजंट सिंह भीवां, निर्मल सिंह भीवां, मग्घर सिंह कुरंगावाली, जगतार सिंह कुरंगावाली सहित अन्य मंच सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2020 में किसानों की कॉटन की फसल खराब हुई थी। उनमें से 34 से 50 प्रतिशत फसल खराबे वाले किसानों को मुआवजा सूची से बाहर कर दिया गया।

### छात्राओं का केक काटकर मनाया जन्म दिवस

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला महावीर दल में छात्राओं का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया और स्टाफ सदस्यों द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इंचार्ज गोविल सिसोदिया ने बताया कि मिड डे मील स्कीम के अंतर्गत तिथि भोजन बेटी का जन्मदिन स्कूल में अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल की छात्राओं भाग्य, रिया, नेहा, सुमन, निशा व ललिता का जन्मदिन मनाया गया व उन्हें स्टेशनरी भी भेंट स्वरूप दी गई। सिसोदिया ने बताया कि विभागीय आदेशानुसार प्रत्येक मास के तृतीय मंगलवार को उस मास में जन्म लेने वाली छात्राओं का जन्मदिन मनाया जाता है ताकि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

## राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जीएनसी सिरसा की टीम रही अव्वल


**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित राज्य-स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय नैशनल महाविद्यालय, सिरसा की टीम ने प्रथम स्थान अर्जित कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डा. हरविंदर सिंह ने बताया कि राजकीय नैशनल महाविद्यालय सिरसा की राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू कंबोज के दिशानिर्देशन में एमए राजनीतिशास्त्र द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों कु. सोनू, प्रदीप कुमार व मनोज कुमार पर आधारित टीम ने इस प्रतियोगिता में अपनी विलक्षण प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की। कुमारी सोनू, प्रदीप कुमार व मनोज कुमार पर आधारित इस टीम द्वारा प्रथम स्थान अर्जित करने पर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने टीम को पुरस्कृत किया।

## घायल बच्चे के इलाज के लिए दिए 50 हजार

- नवकल्याण संस्था की टीम ने की जरूरतमंद की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** आर्थिक सहायता देते नवकल्याण संस्था सदस्य।

नवकल्याण संस्था फतेहाबाद की टीम ने हिसार में उपचाराधीन एक जरूरतमंद परिवार के बच्चे को अब तक 50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की है। संस्था की टीम ने अमनदीप हॉस्पीटल में विजिट कर घायल बच्चे का हालचाल जाना और पीड़ित परिवार को दूसरी बार 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि बच्चे के ईलाज में कोई रुकावट ना आ पाए। संस्था के प्रधान बंटी कम्बोज ने बताया कि बीते दिनों एक दुर्घटना में अशोक नगर के 12 वर्षीय बालक को सिर व छाती में गंभीर चोट लग गई थी, जिससे उसकी जिंदगी खतरे में पड़ गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। पैसों की कमी के कारण बच्चे की जिंदगी खतरे में ना पड़े इसलिए नवकल्याण संस्था ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए फंड जुटाना शुरू किया। संस्था की इस मुहिम में फतेहाबाद के लोगों ने काफी सहयोग दिया। एक ही दिन में 30 हजार रुपये जुटाकर परिवार को दिए गए तथा तीन दिन बाद फिर से दोबारा 20 हजार रुपये ईलाज के लिए संस्था द्वारा प्रदान किये गए। नवकल्याण संस्था ने कुल 50 हजार रुपये की मदद बच्चे के ईलाज के लिए की है। अब बच्चा खतरे से बाहर है।

## लुणानंद महाराज की 18वीं बरसी पर लगाया भंडारा, भजनों से बांधा समा


**डिंग।** क्षेत्र के मोचीवाली माइनर के हनुमान मंदिर स्थित श्री श्री1008 श्री लुणानंद महाराज की 18वीं बरसी पर मंगलवार को भंडारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। सुबह दस बजे भंडारा प्रारंभ किया गया जिसके साथ भजन कीर्तन भी होते रहे। कार्यक्रम में गणेश वंदना पर गुरु महिमा के साथ गायक राजेंद्र जाखड़ ने शुरुआत की। गायक राजेंद्र जाखड़ ने गणेश वंदना सेवा म्हारी मानो देवा, खोलो मारा हृदय का ताला के भजन के द्वारा शुरुआत की गई जो कि दिन भर अपने भजनों से समा बांधा रखा। इस मौके पर पुजारी बेगराज शर्मा ने बताया कि लूणानंद जी महाराज एक धार्मिक विचारों के धनी थे। उन्होंने अपनी ग्रस्ति त्याग अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक व धार्मिक सेवा भाव में बिताया । वह हमेशा भगवान की भक्ति में लीन रहते थे।

## सीडीएलयू में वन नेशन वन इलेक्शन पर डिबेट का आयोजन

- टीचिंग व यूएसजीएस डिपार्टमेंट से कुल 14 टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** सीडीएलयू में आयोजित डिबेट में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर एक डिबेट का आयोजन सीवी रमन के सेमिनार हॉल में किया गया। विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजवीर सिंह दलाल ने करते हुए बताया कि इस डिबेट में प्रदेश भर के कॉलेज तथा यूनिवर्सिटी के टीचिंग व यूएसजीएस डिपार्टमेंट से कुल 14 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधिया न केवल बच्चों के शैक्षणिक अध्ययन को मजबूत करती है बल्कि शिक्षा के साथ-साथ उनको अपना मूल्यांकन करने का मौका भी देती है। ऐसी प्रतियोगिताएं भविष्य में आगे बढ़ने में भी आपकी कैपेसिटी बिल्डिंग करती है। उन्होंने बताया कि इस डिबेट में फेवर में विधि विभाग, सीडीएलयू के छात्र अनिल ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

### शिविर में 58 लोगों ने किया रक्तदान

**सिरसा।** गरीब का मुख गुरु की गुल्लक मुहिम द्वारा ग्राम पंचायत खैरेकां, यूथ क्लब एसोसिएशन सिरसा व खैरेका क्लब के सहयोग से गांव खैरेका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 58 लोगों में रक्तदान किया । शिविर में संजीवनी अस्पताल की नेत्र जांच टीम ने 60 लोगों के नेत्रों की निशुल्क जांच की। इस मौके पर ओवरसीज स्टडी प्लानर के संचालक गुरविंदर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य हैं क्योंकि इससे जीवन बचाया जा सकता हैं। चूंकि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रक्त दान करना चाहिए।

## भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति का मूल ज्ञान आधार वेद उपनिषद शास्त्र पुराण और स्मृतियां

- श्री गीता भवन में आयोजित श्री शिव पुराण कथा में स्वामी दिव्यानंद महाराज ने किए प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** गीता मंदिर में पूजा अर्चना करवाते स्वामी दिव्यानंद जी महाराज।

भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति का मूल ज्ञान आधार वेद उपनिषद शास्त्र पुराण और स्मृतियां हैं। भारतवासी सौभाग्यशाली हैं कि यह ज्ञान के भंडार शास्त्र पुराण हमें विरासत में मिल गए हैं किंतु हमारा दुर्भाग्य भी है कि हमें आज गंदी मूवी देखने की फुर्सत है, शास्त्र पढ़ने की नहीं। यह बात गीता ज्ञानेश्वर डॉक्टर स्वामी दिव्यानंद महाराज ने मॉडल टाऊन स्थित श्री गीता भवन में आयोजित श्री शिव पुराण कथा में श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कही। स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि वेद शास्त्रों की भाषा कठिन है, यह भी न पढऩे का कारण है इसलिए तो पुराणों में बोलचाल की आम भाषा में यह संवाद दिए गए हैं किंतु हम संवाद पढ़ते हैं, भीतर छिपे रहस्य नहीं पढ़ पाते। शिव पुराण हमें सदाचारी और बुद्धि को विवेकी बनाने की साधना देता है। आचरणहीन व्यक्ति ही आज समाज में राक्षस है, मन निर्मल हो जीवन सदाचारी हो, यही शिव पुराण में शिव सूत्र है। इन कथाओं को मनोरंजन या व्यापार ना बनाएं।

## युवक 6.18 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

- मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की
- आरोपी की पहचान सुखविंद्र सिंह उर्फ बिंदा पुत्र हजारा सिंह के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान खाजा खेड़ा रोड क्षेत्र से एक युवक को 6 ग्राम 18 मिलीग्राम हैरोइन के साथ काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान खाजा खेड़ा रोड सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मोडक़र भगाने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्ज से 6 ग्राम 18 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुखविंद्र सिंह उर्फ बिंदा पुत्र हजारा सिंह निवासी बाजीगर मोहल्ला रानियां रोड सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

**विचार** प्रशासन से समस्याओं की जल्द समाधान की मांग

बाबा नामदेव धर्मशाला में रणजीत सिंह भानीखेड़ा की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

## सर्व समाज सभा की मासिक बैठक में शहर की अनेक समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया


**रतिया।** बैठक में भाग लेते सर्व समाज सभा के सदस्य।

सर्व समाज सभा की मासिक बैठक रणजीत सिंह भानीखेड़ा की अध्यक्षता में बाबा नामदेव धर्मशाला में सम्पन्न हुई। बैठक में शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया और प्रशासन से इन समस्याओं की जल्द समाधान की मांग की गई। सभा सदस्यों ने कहा कि वार्ड 5 व 4 की फिरनी जो चुंगी टोहाना रोड़ से बाई पास को जोड़ती है और जब यह फिरनी बाईपास पर चढ़ती है तो इसके दोनो साईड गहरे नाले है जो दिखाई भी नहीं देते है, जिसकी वजह से कोई बडा हादसा हो सकता है। इसी प्रकार बाईपास पर पानी के कारण बहुत गड्ढे हो गए है, जो कि हादसे का कारण बन सकता है। सभा ने प्रशासन से गुहार लगाई है इनकी सुरक्षा दीवार बनाई जाए। इसके अलावा गांव रतनगढ़ में स्टेडियम के लिए करीब 6 एकड़ जमीन दी हुई है जिसको लगभग 30 वर्ष हो गए हैं, परन्तु आज तक सरकार के इस ओर कोई भी ध्यान नही दिया है। सभा सरकार से अनुरोध करती है कि इसकी जल्द से जल्द कार्यवाही की स्टेडियम का निर्माण करवाया जाए। सभा सदस्यों ने कहा कि मेन बाजार में 24 दुकानों का केस चल रहा था तथा नगरपालिका केस जीत चुकी है, परंतु कमेटी इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है और इससे सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही नगर पालिका की शहीद देविन्द्र सिंह पार्क के साथ बनी दुकानें भी खंडहर बन रही व जो कि नशे के अड्डे बन रही है। प्रशासन शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर कार्यवाही करे। सर्व समाज सभा की बैठक में दो लोगों ने सदस्यता ग्रहण की जिनमें गुरनाम सिंह व हरप्रीत सिंह भुल्लर शामिल है।

## खबर संक्षेप

### ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए सिरसा के युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान शुभम उर्फ शिबु पुत्र मोहन लाल निवासी चत्तरगढ़ पट्टी, जिला सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**फतेहाबाद।** गांव धांगड़ के पास एक तेजगति कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है वहीं सदर फतेहाबाद पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मोहम्मदपुर रोही निवासी सतनाम सिंह ने कहा है कि वह मजदूरी का काम करता है। गत दिवस वह अपनी पत्नी पूनम के साथ अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसे दवाई दिलवाने के लिए फतेहाबाद आ रहा था।

### अवैध पिस्तौल मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज पिस्तौल सहित पकड़े गए युवक से पूछताछ के बाद शहर फतेहाबाद पुलिस ने उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान रविन्द्र पुत्र चिरंजी लाल निवासी भोडियाखेड़ा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 28 जनवरी को शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बीघड़ मोड से भट्टू रोड पर पैदल आ रहे एक युवक विजय उर्फ दिनेश पुत्र कृष्ण कुमार निवासी भोडियाखेड़ा को गिरफ्तार किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आठ मार्च को

**सिरसा।** जिला विधि प्राधिकरण द्वारा न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन होता है।

### मकान में चोरी करने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने हुडा सैक्टर में निर्माणाधीन कोठी से बिजली की तारें चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान उमेश पुत्र रमेश निवासी कालीदास कालोनी फतेहाबाद के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 30 जनवरी को डीएसी रोड निवासी जुगल किशोर की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह हुडा सैक्टर में कोठी बना रहा है।

### मृतक के भतीजे की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी

# चंद्रावल में युवक के सिर पर लाठी मारकर हत्या, चचेरे भाई पर आरोप

वारदात के बाद आरोपी फरार, पुलिस ने मामले की जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ›› भूना

चंद्रावल गांव में सोमवार देर रात को शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति के बड़बड़ाने से परेशान पड़ोसी एवं रिश्ते में चचेरे भाई ने लाठी मार कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने मौके पर पहुंचकर विवाद से संबंधित हर पहलुओं की जांच की। घटनास्थल पर जमीन पर काफी खून बिखरा हुआ था।

#### सीन ऑफ क्राइम टीम ने सबूत इकट्ठे किए

उन्होंने वारदात को लेकर एसपी आस्था मोदी व डीएसपी कलवंत सिंह को सूचना दी। मंगलवार सुबह सीन ऑफ क्राइम टीम इंचार्ज डॉ. जोगिंदर सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर आरोपी युवक व उसकी मां के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस को दी शिकायत में आदित्य पुत्र रतन सिंह ने बताया कि उसका चाचा 41 वर्षीय राजकुमार उर्फ राजा लेंटर डालने वाली मशीन पर काम करता था। सोमवार शाम को वह अपने घर आया तो पड़ोस में रिश्ते में लगने वाली चाची धर्मो देवी बिना मतलब के राजकुमार के साथ गाली गलौज करने लग गई।

#### कहासुनी के बाद हमला

इसके बाद राजकुमार अपने घर में बड़बड़ाने लगा तो धर्मा देवी ने अपने 22 वर्षीय बेटे बीरभान उर्फ टिंडिया को सूचना दे दी। इसके बाद टिंडिया तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से अपने घर पहुंचा और लाठी उठाकर राजकुमार के घर में घुसकर उसके सिर में जोर से लाठी दे मारी।

#### परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, नहीं बची जान

लाठी के हमले के बाद लहू-लुहान राजकुमार चारपाई से नीचे जमीन पर गिर पड़ा वहीं हमलावर युवक मौके से भाग गया। बाद में परिजन घायल को नागरिक अस्पताल फतेहाबाद लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने जांच के बाद घायल को मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उपरोक्त पड़ोसी मां-बेटा मिलकर उसके चाचा के साथ हर रोज लड़ाई झगड़ा करते थे, इसलिए उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से उसकी हत्या कर दी। मृतक राजकुमार उर्फ राजा व हत्यारोपी बीरभान उर्फ टिंडिया का घर बिल्कुल आमने-सामने है, जो पारिवारिक रिश्ते में चचेरे भाई हैं।



भूना। चंद्रावल गांव में हत्या के बाद मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### केस दर्ज

थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि चंद्रावल गांव में आपसी झगड़े के बाद बीरभान पुत्र रामपाल ने लाठी से हमला करके राजकुमार उर्फ राजा की हत्या कर दी। हत्या की वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में मामला एक-दूसरे के खिलाफ गाली-गलौज करने का पाया गया। हत्यारोपी बीरभान पुत्र रामपाल व धर्मो देवी पत्नी रामपाल के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

#### पत्नी रह रही थी अलग

चंद्रावल निवासी राजकुमार उर्फ राजा शराब का सेवन करता था, इसलिए उसकी पत्नी माया देवी अपने मायके हिसार के गांव सुंडावास में करीब दो साल पहले अपने बच्चों को लेकर चली गई थी। वह अपनी तीन बेटियां किरण सिमरन, आरती व 7 वर्षीय बेटा समीर को सुंडावास में ही पढ़ाई करवा रही है। पिछले करीब 2 वर्षों से वह चंद्रावल में किसी भी अपने पारिवारिक सुख- दुख कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई। राजकुमार उर्फ राजा की हत्या की सूचना मिलने के बाद सुंडावास से पत्नी तथा चारों बच्चे घर पहुंचे। बच्चे पिता के शव के साथ चिपक कर रोने लगे और पत्नी भी उसे बार-बार पुकार रही थी।



फतेहाबाद। गुरुद्वारा सिंह सभा में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते कमेटी सदस्य।

## बाबा दीप सिंह को समर्पित रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ›› फतेहाबाद

जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में बाबा दीप सिंह के जन्मदिन को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिरसा के शिव शक्ति ब्लड बैंक और थैलीसीमिया सोसायटी के आग्रह पर आयोजित रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जोकि थैलीसीमिया बीमारी से पीड़ित लोगों को दिया जाएगा। शिविर का शुभारंभ एसडीएम राजेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस अवसर पर उनके साथ रेडक्रास के सचिव रामलाल, सुरेंद्र चुघ और सुनील भाटिया विशेष तौर पर उपस्थित थे।

इस दौरान एसडीएम ने रक्तदान करने वालों का उत्साहवर्धन किया तथा कहा कि रक्तदान करने से हम किसी के जीवन को बचाने का काम करते हैं, क्योंकि हमारे द्वारा दिया गया रक्त समय पर किसी दुर्घटना में गंभीर घायल या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को मिलता है तो उससे उसका जीवन बच जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आती इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर मंच संचालन गुरुद्वारा सिंह सभा के सचिव महेंद्र सिंह वधवा ने किया।

समापन अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा एसडीएम राजेश कुमार व अन्य अतिथियों के साथ शिविर में सेवाएं देने वालों को स्मृति चिन्ह और सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। शिव शक्ति ब्लड बैंक सोसाइटी द्वारा भी गुरुद्वारा सिंह सभा के लिए स्मृति चिन्ह दिया गया। इस दौरान एसडीएम ने रेडक्रास सोसाइटी के आजीवन सदस्य बनने वालों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा के कार्यकारी प्रधान अजीत सिंह सचदेवा, सचिव महेंद्र सिंह वधवा, हरबंस लाल सेठी, तरणप्रीत सिंह सिंह अनेक युवा उपस्थित थे।

## जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

- आईटीआई भोडिया खेड़ा में कर्मचारियों की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ›› फतेहाबाद

जल जीवन मिशन के अंतर्गत श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि ट्रेनिंग में कर्मचारी को फिल्टर, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मिस्त्री आदि सभी क्षेत्र में सक्षम बनाया जाएगा ताकि फील्ड में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए।

उन्होंने बताया कि हर घर को स्वच्छ जल मुहैया करवाने के लिए ट्रेनिंग करवाई जा रही है। पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी घर को पीने के पानी की कोई दिक्कत न आए। ग्रामीण क्षेत्र में कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे है जिस कारण गांव के कुछ घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग की तरफ से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिले के पीने के पानी के सभी घरों का सर्वे भी किया जाएगा।



फतेहाबाद। कार्यशाला को संबोधित करते जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

## कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. प्रीत कौर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस भारत में हर साल फरवरी महीने में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य एक से 19 वर्ष के बीच के सभी बच्चों को कृमि मुक्त करना है। यह दिन जिसे दुनिया का सबसे बड़ा कृमि मुक्ति कार्यक्रम माना जाता है। भारत में इसकी शुरुआत 2015 में की गई थी। इस कार्यक्रम में प्राचार्य रामकुमार जांगड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डिवर्मिंग में बच्चों के शरीर में परजीवियों में या आंतों के कीड़े को खत्म करके कृमि संक्रमण को दूर करने के लिए दवा का उपयोग किया जाता है। बच्चों के लिए भी यह जरूरी है।

## स्कूल बसों के सुरक्षा मानकों को जांचा

- एसडीएम ने की आर्यन स्कूल की बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ›› फतेहाबाद

सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम राजेश कुमार ने मंगलवार को निजी स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने दी आर्यन स्कूल की बसों की चेकिंग की, जिसमें वाहनों की सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बसों में आपातकालीन गेट, फायर एक्सटिंग्विशर, जीपीएस ट्रैकर, स्पीड गवर्नर, सीट बेल्ट और ड्राइवरों के दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि चालक एवं परिचालक के पास वैध लाइसेंस और पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र हो।

एसडीएम राजेश कुमार ने सभी स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे सरकारी मानकों का पूरा तरह पालन करें और बसों की नियमित रूप से मेंटेनेंस कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि किसी भी निजी स्कूल की बसों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने बसों के सभी प्रकार के कागज जैसे कि वैध लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज जांचे।





फतेहाबाद। सुरक्षित वाहन पालिसी के तहत स्कूल बसों के दस्तावेज चेक करते एसडीएम राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## खेल मैदान में कहासुनी के बाद कार से कुचलने का प्रयास

**फतेहाबाद।** खेल ग्राउंड में हुई कहासुनी की रंजिश के चलते एक युवक द्वारा दुकानदार को कार से कुचलने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। आरोपी दुकानदार को गाड़ी से काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया और बाद में कार को वहीं छोड़कर फरार हो गया। इस मामले में घायल युवक को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कारियां निवासी रमेश कुमार ने कहा है कि उसकी गांव नूरकी अहली में बस अड्डे पर मोटर बाइंडिंग की दुकान है। गत दिवस वह दुकान के पड़ोसी छिन्द्रपाल का मोटरसाइकिल लेकर घर जा रहा था। जैसे ही वह गांव की फिरनी पर पहुंचा और वहां खड़ी एक कार को क्रॉस किया तो पीछे से कार चालक कार को तेज रफ्तार से चलाते हुए आया और उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इससे उसका मोटरसाइकिल गाड़ी में फंसा गया। इसके बाद कार चालक से करीब 250 फुट तक घसीटते हुए ले गया, जिस कारण उसे काफी चोटें आईं। उसने देखा कि कार को कर्ण पुत्र जगजीत निवासी कारियां चला रहा था। इसके बाद वह गाड़ी से उतरा और उसे जान से मारने की धमकी दी।

## रवीना ने विश्वविद्यालय में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ›› सिरसा

जेसीडी मेमोरियल कॉलेज की एमएससी बॉटनी फाइनल इयर की छात्रा रवीना ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में टॉप किया है। इसके अलावा एमएससी बॉटनी फाइनल ईयर की छात्रा वर्षा ने 80.7 फीसदी व समेस्ता ने 79.63 फीसदी अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में सातवां व दसवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट सफलता पर खुशी जाहिर की और कहा कि जेसीडी मेमोरियल कॉलेज हमेशा से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। उनका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री तक सीमित नहीं करना है, बल्कि हमारा लक्ष्य छात्रों को भविष्य में सफल और प्रभावशाली व्यक्तियों के रूप में विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें उनकी सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज कॉर्डिनेटर डॉ. अमरीक गिल और विभागाध्यक्ष अंजलि धवन भी मौजूद थे। प्राचार्य डॉ. शिखा गोयल ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से कॉलेज का नाम रोशन किया है। रवीना, वर्षा, समेस्ता ने विवि का नाम रोशन किया है।



सिरसा। परीक्षा में टॉप करने वाली छात्राओं को सममनित करते हुए।

## जीवन में उत्थान के लिए धर्म का पथ जरूरी : मनीष

**रतिया।** जीवन को सुधारने में धर्म सहायक है। संतोष ही कठिनाइयों एवं अभावों से निपटने की अटूट दवा है। यह प्रवचन जैन स्थानक में जैन संत मनीष मुनि महाराज, अतिमुक्त मुनि महाराज ने प्रवचन के दौरान कही। जैन मुनियों ने कहा कि समता ही सुख-दुख के बीच संतुलन बनाने में सहायक होती है, जिस प्रकार भवन में नींव का महत्व है उसी प्रकार जीवन में सुख-शांति पाने के लिए धर्म ही आधार है। यदि मानव सुखी होना चाहता है तो उसे धर्म धारण करना चाहिए। जैन मुनियों ने आगे कहा कि पद, प्रतिष्ठा एवं धन को सफलता मान लेना सही नहीं है इससे जीवन में प्रसन्नता प्राप्त नहीं होती। संतोष से ही जीवन में शांति एवं धर्म की संतुष्टि हो सकती है। उन्होंने कहा कि कर्म की शक्ति बहुत है। कर्म के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। यदि मनुष्य अपना कल्याण चाहता है तो अपने कर्मों को धर्म के आधार पर ठीक रखे और गलत कार्यों से बचें। इस अवसर पर सुखविंदर गोयल, राजेंद्र मित्तल, देवेंद्र ग्रोवर, लवकेश मित्तल, संजू जिंदल, अनिल जैन, सुरेश जिंदल, राजेश जैन, बीएल बत्रा, हरवीर सोनी, सोमनाथ गर्ग, हरबंस मंडेर, श्रवण स्वामी, चन्द्र शेखर मेहता, भूषण तनेजा, रोहित मेहता, पार्षद विजय कुमार गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।

## शिविर से लौटे स्वयंसेवक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ›› फतेहाबाद

भट्टूकलां में आयोजित यूनिवर्सिटी स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस कैम्प में मनोहर मेमोरियल कालेज ऑफ एजुकेशन के 6 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सात दिन तक चले इस कैम्प में स्वयंसेवकों ने प्रतिदिन होने वाली विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी की। कैम्प के समापन के बाद कॉलेज लौटे इन स्वयंसेवकों का प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने स्वागत करते हुए कैम्प में दिखाए गए उत्साह के लिए उन्हें बधाई दी। प्राचार्या ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय भट्टू के प्रांगण में 10 फरवरी से सात दिवसीय यूनिवर्सिटी स्तरीय एनएसएस कैम्प का आयोजन किया गया था। इस कैम्प में कॉलेज के 6 विद्यार्थियों ने एनएसएस इंचार्ज डॉ. कमला जोशी के नेतृत्व में भाग लिया। सर्वप्रथम कैम्प में पहुंचे इन विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करते हुए उन्हें एनएसएस कैम्प व टी-शर्ट वितरित की गई। इसके बाद प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर व्याख्यानों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूकता और स्वच्छता आदि विचारों से रूबरू करवाया। सांयकालीन सत्र में आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बीएड कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर बीएड कॉलेज के विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कैम्प से लौटे विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए एनएसएस का महत्व बताया।





फतेहाबाद। यूनिवर्सिटी लेवल एनएसएस कैम्प में बीएड कॉलेज के विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

**उत्सव** छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देकर लूटी वाहवाही

## खालसा त्रिशताब्दी कॉलेज में रंगारंग कार्यक्रम 'फुलकारी' का आयोजन

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमित्रा सांगवान ने की

हरिभूमि न्यूज ›› रतिया

खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय, रतिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'फुलकारी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में फतेहाबाद के जिला सांख्यिकी एवं योजना अधिकारी डॉ. राम कुमार नरवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमित्रा सांगवान ने की। मुख्य अतिथि डॉ. राम कुमार नरवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने अनुभव सांझे किये। उन्होंने कहा कि वे जब भी किसी शैक्षणिक संस्थान में जाते हैं तो अपने आप को एक विद्यार्थी ही महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन वास्तव में ही जीवन का स्वर्णिम काल होता है तथा कॉलेज व यूनिवर्सिटी स्तर पर तो ये काल अपने चरम पर होता है इसलिए सभी विद्यार्थियों को इस समय का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। इसके पश्चात गायन व नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें लगभग 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. सुमित्रा सांगवान व स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कोमर सिंह, द्वितीय स्थान पर रोशन सिंह व तृतीय स्थान पर पृथ्वी सिंह रहा। शब्द व भजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पवन कुमार, द्वितीय स्थान पर कोमर सिंह व तृतीय स्थान पर शरनजीत कौर रही। हरियाणवी गायन में प्रथम स्थान पर पवन कुमार व द्वितीय स्थान पर ममता रही। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परनीत कौर रहीं।



रतिया। खालसा कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।